(ID No.)......99......(SPS/CCE)
(Date)......8/7/25......

# राजस्थान सरकार

## कार्यालय डॉ. भीमराव अम्बेडकर फाउण्डेशन, (अम्बेडकर पीठ)

(सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग)

ग्राम मूण्डला, पो. रूपवास, तहसील जमवारामगढ़, जिला जयपुर, राजस्थान– 302027

Email ID :- secretaryapj@gmail.com

क्रमांकः एफ1(1)अपीज / फैलो. / 2025–26 / 167        दिनांक–यथा ई–हस्ताक्षरित

कार्यालय अतिरिक्त मुख्य सचिव उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग डायरी संख्या....... दिनांक.......7/7/2025

श्रीमान प्रमुख शासन सचिव महोदय, उच्च शिक्षा विभाग,
राजस्थान, जयपुर।

विषयः– वर्ष 2025–26 हेतु अम्बेडकर अन्तर्राष्ट्रीय छात्रवृति योजना एवं अम्बेडकर फैलोशिप योजना के विज्ञापन को राज्य में स्थित समस्त विश्वविद्यालयो एवं महाविद्यालयों के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करवाकर वेबसाईट पर अपलोड करवाने बाबत।

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि अम्बेडकर पीठ, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, मूण्डला जयपुर द्वारा अनुसूचित जाति वर्ग के प्रतिभावान पी.एचडी शोधार्थियों हेतु अम्बेडकर अन्तर्राष्ट्रीय छात्रवृति योजना एवं अम्बेडकर फैलोशिप योजना संचालित की जा रही है। जिसमें हर वर्ष क्रमशः 5 एवं 6 शोधार्थियों को फैलोशिप देने का प्रावधान है, किन्तु अम्बेडकर अन्तर्राष्ट्रीय छात्रवृति योजना में आज दिनांक तक एक भी शोधार्थी का आवेदन प्राप्त नहीं हुआ एवं अम्बेडकर फैलोशिप योजना में भी हर वर्ष 6 शोधार्थियों का चयन का प्रावधान है जिसमें से मात्र 1/2 शोधार्थियों का ही चयन हो पाता है। जिसका एक कारण योजना का प्रचार–प्रसार का अभाव है।

**अम्बेडकर फैलोशिप योजना 2024 में प्राप्त आवेदनों के अनुमोदन हेतु श्रीमान अति. मुख्य सचिव महोदय सा.न्या.एवं.अधि.विभाग, राजस्थान, जयपुर की अध्यक्षता में शासन सचिवालय में दिनांक 08.02.2024 को राज्य अनुमोदन समिति की बैठक आयोजित की गई थी जिसमें आप भी सदस्य थे। योजना में प्राप्त आवेदनों की संख्या में भारी कमी को देखते हुए समिति ने निर्णय लिया कि उक्त योजनाओं के विज्ञापन की सूचना राज्य में स्थित समस्त विश्वविद्यालयो एवं महाविद्यालयों को श्रीमान प्रमुख शासन सचिव महोदय, उच्च शिक्षा विभाग, राजस्थान, जयपुर के माध्यम से दी जावे। (प्रति संलग्न)**

अतः अम्बेडकर अन्तर्राष्ट्रीय छात्रवृति योजना एवं अम्बेडकर फैलोशिप योजना के विज्ञापन को राज्य में स्थित समस्त विश्वविद्यालयो, एवं महाविद्यालयों के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करवाकर वेबसाईट पर अपलोड करवाने का श्रम करावे जिससे योजना का अधिकाधिक प्रचार–प्रसार हो सके एवं अधिक से अधिक शोधार्थी आवेदन कर पाए।

योजनाओ का विवरण निम्न प्रकार हैः–

| | अम्बेडकर फैलोशिप योजना 2025–26 | अम्बेडकर अन्तर्राष्ट्रीय छात्रवृति योजना 2025–26 |
|---|---|---|
| पात्रता | 01. आवेदक राजस्थान का मूल निवासी हो एवं अनुसूचित जाति का सदस्य हो।<br>02. परिवार के समस्त स्त्रोतो से आय 2.5 लाख से अधिक न हो।<br>03. स्नातकोत्तर (Post greduate) न्यूनतम 55 प्रतिशत अंको के साथ उत्तीर्ण हो।<br>04. विधि द्वारा स्थापित राज्य में स्थित मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से पी.एचडी पाठयकम में छः विषयो (राजनीति | 01. आवेदक राजस्थान का मूल निवासी हो एवं अनुसूचित जाति का सदस्य हो।<br>02. परिवार के समस्त स्त्रोतो से आय 6.00 लाख से अधिक न हो।<br>03. स्नातकोत्तर (Post greaduate) न्यूनतम 55 पतिशत अंको के साथ उत्तीर्ण हो।<br>04. भारत के बाहर विदेशी विश्वविद्यालय (संबंधित देश के प्राधिकृत निकाय से प्रत्यायन विश्वविद्यालय / शैक्षणिक संस्था) में पीएचडी |

| | | |
|---|---|---|
| | शास्त्र, समाज शास्त्र, लोक प्रशासन, विधि, अर्थ शास्त्र, मानव शास्त्र) में प्रवेशित हो।<br>05. आवेदक की आयु विज्ञापन जारी करने की तिथि को 35 वर्ष से अधिक न हो। | (राजनीति शास्त्र, समाज शास्त्र, लोक प्रशासन, विधि, अर्थ शास्त्र, मानव शास्त्र) में प्रवेशित हो।<br>05. आवेदक की आयु विज्ञापन जारी करने की तिथि को 35 वर्ष से अधिक न हो। |
| परिवार में पात्र | एक परिवार (माता–पिता/संरक्षक) के अधिकतम 2 संतान योजना में आवेदन कर सकते है। | – |
| फैलोशिप / छात्रवृति राशि | (कुल–5.40 लाख)<br>15000 प्रति माह (अधिकतम तीन वर्ष या पी.एचड़ी पाठयकम समाप्ति जो भी पहले हो) | (कुल–25 लाख रूपए)<br>प्रथम वर्ष–10 लाख रूपये।<br>द्वितीय वर्ष–10 लाख रूपये।<br>तृतीय वर्ष–5 लाख रूपये। |
| कुल लाभार्थी | 6 शोधार्थी प्रति वर्ष | 5 शोधार्थी प्रति वर्ष |
| आवेदन की तिथि | प्रारम्भः 15.07.2025 से<br>अंतिम तिथिः 14.08.2025 तक | प्रारम्भः 15.07.2025 से<br>अंतिम तिथिः 14.08.2025 तक |
| आवेदन पत्र/ विस्तृत जानकरी | विस्तृत जानकारी एवं आवेदन पत्र विभाग की निम्न वेबसाईट से डाउनलोड कर सकते हैं।<br>www.ambedkarfoundationjaipur.in | विस्तृत जानकारी एवं आवेदन पत्र विभाग की निम्न वेबसाईट से डाउनलोड कर सकते है।<br>www.ambedkarfoundationjaipur.in |
| ई–मेल | ambedkarfoundation@rajasthan.gov.in<br>secretaryapj@gmail.com | ambedkarfoundation@rajasthan.gov.in<br>secretaryapj@gmail.com |
| **सम्पर्क सुत्र** | **सुवालाल कोली (सहा. प्रोग्रामर) 6376889982** | **सुवालाल कोली (सहा. प्रोग्रामर) 6376889982** |

अतः श्रीमानं जी से निवेदन है कि उक्त दोनो योजनाओं के विज्ञापन को आपके विश्वविद्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करवाकर विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करवाने का श्रम करावे जिससे ज्यादा से ज्यादा शोधार्थी योजना का लाभ ले सकें।

सादर।

संलग्नः– उपरोक्तानुसार।

सचिव
डॉ. बी. आर अम्बेडकर फाउण्डेशन
(अम्बेडकर पीठ), मुण्डला, जयपुर

क्रमांकः एफ1(1)अपीज/फैलो./2025–26/ 168-69 दिनांक–यथा ई–हस्ताक्षरित

01. श्री सुवा लाल कोली, सहा. प्रोग्रामर को आदेशित किया जाता है कि दिनांक 04.07.25 को पत्र व्यक्तिश पहुचाना सुनिश्चित करे। नियमानुसार यात्रा भत्ता देय है।
02. रक्षित पत्रावली।

सचिव
डॉ. बी. आर अम्बेडकर फाउण्डेशन
(अम्बेडकर पीठ), मुण्डला, जयपुर

Signature valid
Digitally signed by Suman Meena
Designation: Secretary
Date: 2025.07.03 12:21:39 IST
Reason: Approved

E:\Dell files\Dell\Financial Year 2025-26 Ambedkar Fellowship 2024-25\Fellowship Advertisement 2024-25\2025-26 letters.docx